an>

Title: Need to take necessary action to secure safe return of youth belonging to Parbhani district of Maharashtra held captive in Iran.

श्री संजय भाऊराव जाधव (परभणी) ः महाराष्ट्र राज्य से कुछ युवा विदेश में नौकरी करने के लिए गए लेकिन ऐसे युवाओं को उन देशों में नौकरी नहीं दी गई है। ऐसे कुछ युवा अभी हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद/परभणी जिले से भी विदेशी कंपनियों द्वारा नौकरी हेतु ईरान भेजे गये, लेकिन वहां पर एक युवा की मौत हो गई। लेकिन कंपनी के द्वारा कोई मुआवजा तथा उसके शव तक को मृत युवक प्रकाश बाठसेखार के पैतृक स्थान महाराष्ट्र लाने की व्यवस्था नहीं की गई। इनमें कुछ युवा अभी भी वहां पर बन्दी बने हुये हैं तथा यातनायें सह रहे हैं। सरकार को शीघ्र ही ऐसी विदेशी कंपनियों पर कार्यवाही करने तथा देश के युवाओं को छुड़ाने हेतु व्यवस्था करनी चाहिए।